तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री से.
न्यूनतम 28.0 डिग्री से.

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार 15 जुलाई 2026



10 भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी..





10 कपास और धान की फसलों का संयुक्त सर्वे







## खबर संक्षेप

### निर्माण श्रमिकों के हितों की अनदेखी पर जताया रोष

**जींद।** हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड की ओर से प्रदेश के निर्माण क्षेत्र में कार्यरत श्रमिक संगठनों की बैठक सेक्टर 4 स्थित पंचकूला में आयोजित की । अध्यक्षता श्रम कल्याण बोर्ड के चेयरमैन रोहताश जांगड़ा ने की। बैठक का उद्देश्य निर्माण श्रमिकों से जुड़े मुद्दों पर विभिन्न यूनियनों के सुझाव लेना तथा श्रमिकों को मिलने वाली कल्याणकारी योजनाओं को और प्रभावी बनाना रहा। एआईयूटीयूसी से संबद्ध भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन के जिला प्रधान सुधीर कारसिंधु, जिला सचिव वेदप्रकाश, व यूनियन नेता सतनारायण बाटोल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया।

### सामान्य प्रवेश परीक्षा सीईई का परिणाम घोषित

**जींद।** सेना भर्ती कार्यालय हिसार के भर्ती निदेशक ने बताया कि वर्ष 2026-27 की सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) में शामिल होने वाले विभिन्न श्रेणियों के अभ्यर्थियों का परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिन श्रेणियों का परिणाम जारी किया है, उनमें अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, अग्निवीर लिपिक, स्टोर कीपर तकनीकी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेड्समैन, महिला सैन्य पुलिस, सैनिक तकनीकी नर्सिंग सहायक, नर्सिंग सहायक (पशु चिकित्सा), सिपाही फार्मा, धार्मिक शिक्षक, जूनियर कमीशंड अधिकारी तथा हवलदार (शिक्षा) शामिल हैं।

### अरविंद बने प्रधान व मनीष बने उपप्रधान

**जींद।** सफीदों रोड स्थित भिंदवाला मुक्तिधाम कल्याण सभा की बैठक सभा कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में मुक्तिधाम एवं निर्माणाधीन रुद्र महादेव मंदिर के विकास कार्यों, निर्माण की प्रगति तथा आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उपस्थित सदस्यों ने नई ऊर्जा और उत्साह के साथ कार्य करने के लिए नई कार्यकारिणी के गठन का सुझाव दिया। सर्वसम्मति से डा. अरविंद भारद्वाज को सभा का प्रधान चुना व नई कार्यकारिणी के गठन का अधिकार सौंपा गया।

### खापड़ गांव में मलेरिया से बचाव के बताए उपाय

**उचाना।** डॉ. विकास भारद्वाज के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मंगलवार को खापड़ गांव में रैपिड फीवर मास सर्वे अभियान चलाया। अभियान की अध्यक्षता एमपीएचएस जगदेवन ने की। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को मलेरिया के प्रति जागरूक करते बचाव और उपचार संबंधी जानकारी दी। एमपीएचडब्ल्यू संजय कुमार ने बताया कि मलेरिया संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलने वाली गंभीर बीमारी है। कहा कि सर्दी और कंपकंपी के साथ तेज बुखार आना, सिरदर्द, बुखार उतरते समय अधिक पसीना आना तथा एक दिन छोड़कर या तीसरे दिन बुखार आना मलेरिया के प्रमुख लक्षण हैं।

### नंद किशोर गोयनका के निधन पर जताया शोक

**नरवाना।** अग्रोहा विकास ट्रस्ट अग्रोहा धाम के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी मोहित बंसल ने बताया कि हरियाणा से पूर्व राज्यसभा सांसद और एस्सेल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सुभाष चंद्रा के पिता और अग्रोहा विकास ट्रस्ट के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष परम गोभक्त नंद किशोर गोयनका के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। नंद किशोर गोयनका के निधन से समाज ने एक प्रेरणास्रोत खो दिया है। नंद किशोर गोयनका का सोमवार को 96 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।

### जड़ौला विद्यालय में लगा विधिक साक्षरता शिविर

**ढांड।** विद्यार्थियों में कानूनी जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कैथल द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जड़ौला में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कंवल कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित किया। कहा कि बदलते समय में साइबर अपराधों से सतर्क रहना और अपने कानूनी अधिकारों की जानकारी रखना अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थियों से कानून का पालन करने और दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया।

---

पत्रकारों से बातचीत में बोली पूर्व सांसद डॉ. सुधा यादव

# भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा

## प्रधानमंत्री 17 को जींद से करेंगे देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन आत्मनिर्भर भारत और हरित भविष्य की नई पहचान : डा. सुधा यादव


जींद। पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व सांसद डॉ. सुधा यादव। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ राष्ट्रीय नेता, भाजपा संसदीय बोर्ड एवं केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य तथा पूर्व सांसद डा. सुधा यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। यह पहल आत्मनिर्भर भारत, हरित ऊर्जा और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

डा. सुधा यादव जींद में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी डा. अरविंद सैनी, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी शमशेर सिंह खरक, मुख्यमंत्री मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक छाबड़ा, डिप्टी स्पीकर के मीडिया प्रभारी सन्नी मग्गू, जिला मीडिया प्रभारी राकेश बैरागी आदि मौजूद रहे। डा. यादव ने कहा कि हाइड्रोजन आधारित रेल प्रणाली स्वच्छ ऊर्जा आधारित परिवहन को बढ़ावा देगी। इससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। पारंपरिक ईंधन पर निर्भरता घटेगी तथा आधुनिक तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में भारत की क्षमता मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि इस पहल से भारत हाइड्रोजन रेल तकनीक अपनाने वाले चुनिंदा देशों में शामिल होने की दिशा में आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में विकास और गरीब कल्याण को समान प्राथमिकता दी गई है। प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत 55 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैंए जिनके माध्यम से प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिए सरकारी सहायता सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से करोड़ों ग्रामीण परिवारों तक नल से जल की सुविधा पहुंचाई गई है। वहीं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन प्रदान कर महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार लाने का प्रयास किया गया है। डा. यादव ने कहा कि हरियाणा से शुरू हुआ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान आज राष्ट्रीय स्तर का जनआंदोलन बन चुका है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। आज महिलाएं सशस्त्र बलों वायुसेना तथा अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं।

### कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान

कहा कि मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट तथा आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों ने भारत को विनिर्माण और नवाचार के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई है। देशभर में सड़कों, रेलवे, एयरपोर्ट, एक्सप्रेसवे और अन्य आधारभूत ढांचे का विस्तार विकसित भारत की मजबूत नींव तैयार कर रहा है। डा. सुधा यादव ने हरियाणावासियों से 17 जुलाई को जींद पहुंच कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम विकसित भारत के संकल्प को नई गति देने वाला महत्वपूर्ण अवसर होगा।

---

# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया

■ जिला समन्वयक ने उझाना क्लस्टर की सीपीआईयू बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन एवं आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नरवाना खंड के उझाना क्लस्टर में आयोजित सीपीआईयू की मासिक बैठक का जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने अवलोकन किया। बैठक में पिछले माह संचालित एफएलएन गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आगामी माह के लिए कार्ययोजना तैयार करते विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में अपेक्षित सुधार लाने पर विशेष बल दिया गया। बैठक के दौरान जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बताया कि निपुण भारत मिशन के अंतर्गत प्रत्येक माह क्लस्टर स्तर पर सीपीआईयू बैठक आयोजित की जाती है। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में संचालित एफएलएन गतिविधियों का मूल्यांकन करना, शिक्षण प्रक्रिया में आ रही चुनौतियों पर विचार-विमर्श करना तथा उनके समाधान के लिए सामूहिक रणनीति तैयार करना है। कहा कि नियमित समीक्षा और प्रभावी योजना के माध्यम से ही प्रत्येक बच्चे को आधारभूत भाषा एवं गणितीय दक्षताओं में निपुण बनाया जा सकता है। बैठक में क्लस्टर मुखिया, संबंधित एबीआरसी तथा सभी प्राथमिक विद्यालयों के मुखियाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने विद्यालयों में संचालित एफएलएन गतिविधियों, विद्यार्थियों की सीखने की प्रगति, नवाचारों तथा सामने आ रही चुनौतियों पर खुलकर चर्चा की। इस दौरान आगामी माह में गतिविधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए सुझाव भी सांझा किए गए।


नरवाना। घर-घर जाकर लोगों को निमंत्रण देने पहुंचे कैबिनेट मंत्री।

### गांव-गांव पहुंच कर दिया जनसभा का न्योता

**नरवाना।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई को प्रस्तावित जींद दौरे के मद्देनजर जनसंपर्क अभियान को गति देते रविवार सायं विधानसभा क्षेत्र के गांव फरैण कलां में ग्रामीणों से संवाद किया तथा उन्हें जनसभा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 17 जुलाई का दिन जींद ही नहीं, बल्कि पूरे हरियाणा के लिए ऐतिहासिक बनने जा रहा है। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि जींद रेलवे जंक्शन देश के प्रमुख और ऐतिहासिक रेलवे जंक्शनों में विशिष्ट पहचान रखता है। इसी ऐतिहासिक स्टेशन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एशिया की सबसे लंबी तथा भारत की पहली हाइड्रोजन संचालित ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

### ट्रिपल सी फार्मूला अपना कर डेंगू से बचाव करें

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत दरियावाला में जुलाई माह को डेंगू रोधी माह के रूप में मनाते स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। एमपीएचडब्ल्यू ओमप्रकाश शर्मा, रीना रानी व राजवंती ने गांव के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं का आयोजन कर ग्रामीणों को डेंगू एवं अन्य मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी व पम्पलेट भी बांटे गए साथ ही घर-घर जाकर लोगों को डेंगू फैलाने वाले मच्छरों के प्रजनन को रोकने तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।एमपीएचडब्ल्यू ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए प्रत्येक व्यक्ति को ट्रिपल सी फर्मूला अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चेक करें के तहत घर में कूलर, पानी की टंकी, फ्रिज के पीछे की ट्रे, पशुओं की होदी, गमले, पुराने टायर, नारियल के खोल तथा अन्य पानी जमा होने वाले स्थानों की नियमित जांच करें।

---

### कवि बाजे भगत की जयंती पर सांग

**जींद।** हरियाणा कला परिषद एवं तृप्ति कल्चरल सोसाइटी जींद के संयुक्त तत्वावधान में सोम तीर्थ पांडू पिंडारा में कवि बाजे भगत की जयंती के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय सांग एवं रागिनी उत्सव का आगाज हो गया। मौके पर गांव के पांडु पिंडारा के सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप मलिक ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की वहीं रंगकर्मी रमेश ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। प्रथम दिन हरियाणा कला परिषद की ओर से आए सांगी अशोक कुमार एवं दल ने कवि बाजे भगत द्वारा रचित सांग फूल सिकंदा की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। कार्यक्रम का आगाज अतिथियों ने मां सरस्वती की दीप प्रज्जवलन करके किया सांग की प्रस्तुति ने दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। मुख्यअतिथि सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप मलिक ने में कहा कि हरियाणा सरकार एवं तृप्ति कल्चरल सोसाइटी द्वारा किया कार्यक्रम हरियाणा की पुरानी विरासत को जिंदा रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।


जींद। सांग का मंचन करते कलाकार। फोटो :हरिभूमि


नरवाना। पौधरोपण करते प्रोफेसर जगबीर दुहन। फोटो :हरिभूमि

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाए

**नरवाना।** केएम राजकीय महाविद्यालय, में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर अभियान के अंतर्गत स्नातकोत्तर हिंदी कक्षा के छात्रों द्वारा हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. जगबीर दूहन के निर्देशन में कालेज परिसर में 21 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा हरित व स्वच्छ वातावरण के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे लगाए तथा उनके नियमित संरक्षण और देखभाल का संकल्प भी लिया। प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने विद्यार्थियों की पहल की सराहना करते कहा कि पौधरोपण केवल एक औपचारिक गतिविधि नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी है।

### शिक्षा ही समाज की वास्तविक प्रगति का आधार

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत गांव जलालपुर कलां में महिला एमपीएचडब्ल्यू पूनम रानी के नेतृत्व में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत गांव के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को गिरते लिंग अनुपातए कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियोंए बेटियों की शिक्षाए सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक करना तथा बेटा व बेटी में समानता का संदेश देना था। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, पुरुष, किशोरियां, आशा वर्कर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए महिला एमपीएचडब्ल्यू पूनम रानी ने कहा कि बेटियां समाज की सबसे बड़ी शक्ति हैं और उनकी शिक्षा ही समाज की वास्तविक प्रगति का आधार है।


जींद। कन्या भ्रूण हत्या न करने की शपथ दिलाते हुए। फोटो :हरिभूमि


बराह खुर्द में फीवर मास सर्वे अभियान के दौरान खून के सैंपल लेते स्वास्थ्य कर्मचारी।

### बराह खुर्द में फीवर मास सर्वे अभियान

**जींद।** बरसात के मौसम में मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने गांवों में विशेष अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के अंतर्गत गांव बराह खुर्द में मंगलवार को रैपिड फीवर मास सर्वे अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच कीए बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान की और उन्हें मलेरियाए डेंगू व चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया। यह अभियान स्वास्थ्य सुपरवाइजर विजेंद्र सिंह और तेजवीर सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। टीम में स्वास्थ्य कर्मी सोनू, संतकुमार, अमित, संदीप और सुनील कुमारी शामिल रहे। आशा वर्करों ने भी घर-घर जाकर सर्वे और जनजागरूकता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

---


स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम।

### कुशन निर्माण प्रशिक्षण का शुभारंभ

**नरवाना।** पंजाब नेशनल बैंक किसान प्रशिक्षण केंद्र, सच्चा खेड़ा में महिलाओं एवं युवतियों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पांच दिवसीय निःशुल्क मुलायम खिलौने (टेडी बियर, तकिये, कुशन आदि) निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर बड़े उत्साह के साथ किया गया। यह कार्यक्रम भाकृअनुप- राष्ट्रीय भैंस अनुसंधान केंद्र (सीआईआरबी), हिसार की वित्तीय सहयोग द्वारा किया जा रहा है। यह कार्यक्रम एससी/एसपी योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को आधुनिक डिजाइन, कटिंग, सिलाई, स्टफिंग, फिनिशिंग तथा आकर्षक सॉफ्ट टॉय तैयार करने की व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी, जिसका उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है।

# प्रधानमंत्री के जींद आगमन को लेकर उत्साह व जोश का माहौल : डॉ. सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सैनी धर्मशाला अर्बन एस्टेट जींद में आयोजित निमंत्रण कार्यक्रम के दौरान डा. राज सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई को प्रस्तावित जींद दौरे को लेकर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। इस अवसर पर हरियाणा सूचना आयुक्त कर्मबीर सैनी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सैनी समाज के प्रबुद्ध जनों को संबोधित करते हुए सभी से इस इको फ्रेंडली ग्रीन रैली में बढ़चढ़ कर भाग लेने का निमंत्रण दिया। कर्मवीर सैनी ने अपने संबोधन में बताया कि इस रैली में सैनी समाज ने भारी संख्या में पहुंचना है। डा. राज सैनी ने अपने संबोधन में विशेष रूप से इको फ्रेंडली ग्रीन रैली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह रैली पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने बताया कि इस रैली में पेट्रोल व डीजल के स्थान पर सीएनजी एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। जिससे स्वच्छ और हरित वातावरण का संदेश जन-जन तक पहुंचेगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी जी का स्वागत एवं कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी जी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश में विकास कार्यों को नई गति मिली है। मुख्यमंत्री द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शी प्रशासन और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं।




जींद। निमंत्रण देते मुकेश राठौड़। फोटो :हरिभूमि

### प्रधानमंत्री की रैली का दिया निमंत्रण

**जींद।** बीजेपी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव मुकेश राठौड़ मंगलवार को 17 जुलाई को जींद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली का निमंत्रण देने के लिए जींद में युवाओं के साथ नुक्कड़ सभाओं के आयोजन में पहुंचे और युवाओं को रैली के लिए निमंत्रण दिया । इस अवसर पर प्रदेश सचिव मुकेश राठौड़ ने बताया कि जींद के युवा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देखने व सुनने के लिए उत्साहित हैं और युवा वर्ग पूरे उत्साह के साथ रैली में शामिल होंगे और हाइड्रोजन रेल के ऐतिहासिक उद्घाटन के साक्षी बनेंगे और युवाओं को साइकिल से रैली में जाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विकास गुलकनी, सोमबीर, अजय, नवीन, विनोद, राजेश, विजय, राकेश, मनोज, विजय आदि उपस्थित रहे।

### गोपाल स्कूल को ए ग्रेड सर्टिफिकेट

**जींद।** विद्या भारती हरियाणा द्वारा संचालित गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते (ए) ग्रेड सर्टिफिकेट प्राप्त कर विद्यालय और अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया है। उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय के एएनओ रामफल ने बताया कि एनसीसी गतिविधियों में विद्यालय के कैडेट लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी क्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को एनसीसी का प्रतिष्ठित (ए) ग्रेड सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है। कहा कि यह विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कौशिक ने एनसीसी में (ए) ग्रेड सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई देते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि आज के एनसीसी कैडेट ही भविष्य में देश की सैन्य शक्ति को मजबूत करेंगे।

---

किसानों को कीट नियंत्रण और एनपीएसएस ऐप अपनाने की सलाह

# कपास और धान की फसलों का संयुक्त सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। सर्वे करते हुए टीम। फोटो :हरिभूमि

भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के क्षेत्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद तथा जिला कृषि विभाग जींद की संयुक्त टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कपास की फसल और धान की नर्सरी, फसल का सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण का उद्देश्य फसलों में कीट एवं बीमारियों की स्थिति का आकलन करना और किसानों को वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूक करना था। यह सर्वेक्षण क्षेत्रीय निदेशक डा. वंदना पांडेय के निर्देशन में किया गया। टीम में भारत सरकार के डा. लक्ष्मी कांत, डा. केपी शर्मा, सुरजीत बर्मन तथा जिला कृषि विभाग जींद के डा. ईश्वर दत्त (सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी) और अंकित शर्मा (कृषि निरीक्षक) शामिल रहे। अधिकारियों ने किसानों को सलाह दी कि धान की बुवाई से पहले बीज उपचार अवश्य करें ताकि पिछले वर्ष सामने आए ड्वार्फ रोग तथा अन्य कीट एवं बीमारियों से फसल को बचाया जा सके। साथ ही यांत्रिक एवं जैविक (बायो पेस्टीसाइड) उपाय अपनाने पर भी जोर दिया गया। कपास की फसल के लिए किसानों को शुरुआती 40-45 दिनों के बाद कम से कम 4 फेरोमोन ट्रैप तथा प्रति एकड़ 20 पीले और नीले स्टिकी ट्रैप लगाने की सलाह दी । अधिकारियों ने कहा कि इससे कीटों की समय पर निगरानी हो सकेगी व आवश्यकता पडऩे पर ही केंद्रीय कीटनाशी बोर्ड एवं पंजीकरण समिति द्वारा अनुमोदित कीटनाशकों का वैज्ञानिक तरीके से प्रयोग किया जाएगा। टीम ने किसानों को राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली मोबाइल एप के उपयोग की भी जानकारी दी।

### धान की बुवाई से पहले बीज उपचार अवश्य करें

इस ऐप के माध्यम से किसान अपनी फसल में लगने वाले कीटों और बीमारियों की पहचान कर तत्काल समाधान प्राप्त कर सकते हैं। जिससे अनावश्यक रासायनिक कीटनाशकों के उपयोग में कमी आएगी। सर्वेक्षण के दौरान किसानों के खेतों में फेरोमोन ट्रैप का प्रदर्शन भी किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि कपास और धान की फसलों में कीट एवं बीमारियों का प्रकोप फिलहाल आर्थिक हानि स्तर से कम है, जिससे किसानों को फिलहाल घबराने की आवश्यकता नहीं है।

**राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घोघड़िया (जींद) हरियाणा**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घोघडिया जिला जींद में कंडम भवन/कमरों की नीलामी 24 जुलाई को GSSS घोघडियां में प्रातः 10 बजे एवं GPS घोघडियां में दोपहर 12 बजे होगी। धरोहर राशि 10000/- होगी। सफल बोलीदाता को 25% राशि मौके पर जमा करानी होगी। बोली देने के इच्छुक किसी भी कार्य दिवस विद्यालय समय में निरीक्षण कर सकते हैं। अन्य शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।

एसएमसी प्रधान
प्रीति देवी

हस्ता/-प्राचार्य, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय
घोघडिया (जींद) हरियाणा
स्कूल कोड-01734

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार 15 जुलाई 2026

### प्लॉट पर कब्जा करने का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** प्लॉट पर कब्जा करने के मामले में इकनॉमिक सैल द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव तारागढ़ हाल चंडीगढ़ निवासी नीलम चौधरी की शिकायत अनुसार उसने गांव तारागढ़ निवासी सुनील कुमार पुत्र चंद्रभान से प्लॉट नंबर-110, रकबा 154 वर्ग गज खरीदा था, जिसकी पूर्ण भुगतान संबंधी लिखित रसीद (फुल पेमेंट का ब्याना) उसके पास मौजूद है। शिकायत के अनुसार उक्त प्लॉट का कब्जा पहले सुनील कुमार के पास था और वर्तमान में शिकायतकर्ता के कब्जे में है। जब आरोपियों ने प्लॉट पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया तो इस संबंध में वर्ष 2017 में एसडीएम कैथल की अदालत में मामला दायर किया गया था।




## खबर संक्षेप

### 5.200 किलोग्राम चूरा पोस्त के साथ एक काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ सफीदों ने एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से पांच किलो 200 ग्राम चूरा पोस्त बरामद किया है। सदर थाना सफीदों पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ सफीदों को सूचना मिली थी कि गांव रोहड़ निवासी सुरजीत नशीले पदार्थों का कारोबार करता है। जो नशीले पदार्थ बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते सुरजीत को काबू कर लिया। आरोपित के पास कट्टे की तलाशी ली तो पांच किलो 200 ग्राम चूरा पोस्त बरामद हुआ।

### युवती लापता होने पर शिकायत दर्ज

**जींद।** जुलाना से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जुलाना निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दस जुलाई दोपहर को उसकी 20 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### उचाना हलके के गांवों में विधायक का दौरा आज

**उचाना।** 17 जुलाई को जींद में पीएम नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर हलके में गांव-गांव जाकर निमंत्रण दे रहे विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री 15 को विभिन्न गांव के दौरे करेंगे। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने बताया कि करसिंधु, अलीपुरा, लोधर, काब्रच्छा, सुदकैन खुर्द, डूमरखा कलां गांव के दौरे वो करेंगे।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

**जींद।** सफीदों से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सफीदों निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 10 जुलाई शाम को उसकी बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। शहर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चरस सप्लायर काबू, 4 हजार ड्रगमनी बरामद



**कैथल।** चौकी अनाज मंडी पुलिस प्रभारी एएसआई सुरेश कुमार की अगुवाई में के एसआई रमेश चंद की टीम द्वारा चरस सप्लायर आरोपी जिला जींद के गांव सिंसर निवासी अमन को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 12 जुन को एंटी नारकोटिक सैल-टू पुलिस टीम द्वारा डेहा बस्ती कैथल से आरोपी मॉडल टाउन कैथल निवासी मनोज को काबू किया गया था। जिसके कब्जे से 51 ग्राम चरस ( सुल्फा) बरामद हुआ था। आरोपी के खिलाफ थाना शहर में मामला दर्ज करके आगामी जांच एसआई रमेश कुमार द्वारा की । जांच दौरान खुलासा हुआ कि मनोज को यह चरस आरोपी अमन उपरोक्त द्वारा उपलब्ध करवाई गई थी। आरोपी के कब्जे से 4 हजार ड्रग मनी बरामद की गई। पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई का जा रही है।

### आईएएस यश जालुका ने ऐतिहासिक रानी तालाब सहित शहर का किया व्यापक निरीक्षण

# प्रस्तावित रूट पर हरित वातावरण बनाने के लिए पर्याप्त संख्या में सजावटी गमले लगाने के निर्देश

### प्रधानमंत्री के रूट पर आवारा पशुओं की आवाजाही पूरी तरह रोकी जाए

### मोदी के प्रस्तावित जींद दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 17 जुलाई के प्रस्तावित जींद दौरे को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। फिलहाल प्रधानमंत्री के रूट का किसी को पता नही है। बावजूद इसके प्रधानमंत्री के रूट को आकर्षण का केंद्र बनाने में अधिकारी जुट गए हैं। इसी क्रम में आईएएस अधिकारी यश जालुका ने नगर निगम के अधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ऐतिहासिक रानी तालाब सहित प्रधानमंत्री के प्रस्तावित रूट तथा शहर के प्रमुख स्थलों का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तालाब परिसर का सौंदर्यीकरण कार्य युद्धस्तर पर पूरा किया जाए। परिसर की दीवारों, रेलिंग, प्रवेश द्वार एवं अन्य संरचनाओं पर आवश्यकतानुसार पेंट करवाया जाए ताकि यह स्थल अपनी ऐतिहासिक गरिमा के अनुरूप आकर्षक दिखाई दे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रस्तावित रूट पर हरित वातावरण बनाने के लिए पर्याप्त संख्या में सजावटी गमले लगाए जाएं तथा मार्ग के दोनों ओर साफ.सफाई एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस दौरान नगर निगम के डीएमसी अनिल कुमार दून सहित नगर निगम, बिजली विभाग, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान यश जालुका ने कहा कि प्रधानमंत्री का जींद दौरा पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है। ऐसे में सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करते हर कार्य को निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करें। स्पष्ट किया कि तैयारियों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी



**जींद।** जंक्शन पर पहुंची हाइड्रोजन ट्रेन में मौजूद डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा। *फोटो :हरिभूमि*

### करीब 10 दिन बाद हाइड्रोजन ट्रेन पहुंची जींद जंक्शन

**जींद।** दिल्ली शकूरबस्ती में मरम्मत के 10 दिन बाद ट्रेन मंगलवार को जींद जंक्शन पर पहुंच गई है। 17 को ट्रेन का उद्घाटन होगा, जो जींद से सोनीपत रूट पर चलाई जाएगी। ट्रेन में प्रधानमंत्री के साथ 200 विद्यार्थी भी सफर करेंगे। हालांकि विद्यार्थियों को पांडू पिंडारा उतार दिया जाएगा। ट्रेन के शकूरबस्ती से आने के बाद उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर फूलों से भव्य तरीके से सजाया जाएगा। जींद से सोनीपत रूट पर चलने वाली हाइड्रोजन ट्रेन की स्पीड 75 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी। हालांकि हाइड्रोजन ट्रेन 110 से 140 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से दौड़ सकती है। हालांकि पिछले दिनों ट्रेन का हाई स्पीड ट्रायल हुआ था। ट्रेन को अलग-अलग रूट पर 100 से 120 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से दौड़ा कर देखा था। जींद से रोहतक, जींद से किलाजफरगढ़, दिल्ली सब्जी मंडी, सोनीपत से दिल्ली, जींद से खरैंटी, बहादुरगढ़ व शकूरबस्ती के बीच हाई स्पीड ट्रायल हुए थे। वहीं हाइड्रोजन ट्रेन के उद्घाटन को लेकर रेलवे प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। मंगलवार को दिल्ली मंडल के अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम) संजीव कुमार सिन्हा जींद स्टेशन पहुंचे। अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया व अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। एडीआरएम ने कहा कि पीएम मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते रेलवे की सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी कर ली जाएं।

### सार्वजनिक स्थलों की सफाई करवाई जाए

प्रत्येक व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री के रूट पर कहीं भी ढीली अथवा लटकती हुई बिजली की तारें दिखाई नहीं देनी चाहिए। सभी विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर एवं बिजली संबंधी अन्य व्यवस्थाओं की तकनीकी जांच कर आवश्यक सुधार तुरंत किए जाएं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान निर्बाध एवं सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। शहर की स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते उन्होंने नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के सभी मुख्य चौक, चौराहों, प्रमुख मार्गों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों की विशेष सफाई करवाई जाए। कहीं भी कूड़े के ढेर दिखाई नहीं देने चाहिए। शहर के विभिन्न स्थानों पर पर्याप्त संख्या में डस्टबिन स्थापित किए जाएं ताकि आमजन भी स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग कर सकें। सीवरेज व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के किसी भी सीवर का ढक्कन खुला नहीं रहना चाहिए। कहा कि शहर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छ, सुंदर, सुव्यवस्थित एवं विकसित शहर की अनुभूति होनी चाहिए।



**जींद।** अस्पताल में तैनात एंबुलेंस। *फोटो :हरिभूमि*

### प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**जींद।** जींद में प्रधानमंत्री की 17 जुलाई को प्रस्तावित यात्रा को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। सिविल सर्जन और जिला स्वास्थ्य प्रशासन की देखरेख में तैयार चेकलिस्ट के अनुसार जिला स्वास्थ्य नोडल अधिकारी की नियुक्ति, 24 घंटे हेल्थ कंट्रोल रूम की स्थापना, सभी अधिकारियों की संपर्क सूची और ड्यूटी ऑर्डर जारी करने के साथ संचार व्यवस्था का परीक्षण किया जा चुका है। इसके अलावा एंबुलेंस उपकरणों की जांच कर ली गई है। मुख्य वेन्यू के तहत हेलीपैड और वीवीआईपी होल्डिंग एरिया में एएलएस (एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट) टीमें तैनात रहेंगी। पब्लिक एरिया में बीएलएस, फर्स्ट एड टीमें भी तैनात होंगी। एएलएस एंबुलेंस वेन्यू के तहत हेलीपैड और रैली स्थल तथा रिजर्व में उपलब्ध रहेंगी। सभी एंबुलेंस में ऑक्सीजन सिलेंडर पूर्ण, सक्शन मशीन, डिफिब्रिलेटर, वेंटिलेटर और अन्य इमरजेंसी उपकरण चेक किए गए हैं। ईंधन, जीपीएस और संचार उपकरण भी फंकशनल होने की जांच की गई है। इमरजेंसी दवाओं का पूरा स्टॉक तैयार किया गया है। जिसमें एड्रेनालाईन, एट्रोपाइन, अमियोडारोन, एस्पिरिन, हाइड्रोकोर्टिसोन, सैल्बुटामोल आदि शामिल हैं। रेफरल अस्पतालों में आईसीयू बेड, इमरजेंसी ओटी, ब्लड बैंक, सीटी स्कैन और स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स कार्डियोलॉजिस्ट, एनेस्थेटिस्ट, सर्जन आदि स्टैंडबाय पर रहेंगे।

### हर दस मीटर की दूरी पर पुलिस कर्मचारी रहेंगे तैनात

**जींद।** जींद में 17 जुलाई को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। पुलिस लाइन से लेकर रेलवे जंक्शन तक सुबह आठ बजे के बाद रोड को बंद कर दिया जाएगा। इस रोड से कोई भी वाहन नही जा पाएगा। सुरक्षा की दृष्टि से बैरिगेटिंग की जा रही है। 17 जुलाई को कोई भी व्यक्ति प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान सड़क पार नहीं कर पाएगा। इसके अलावा कोई भी पशु भी इधर से उधर नहीं जा सकेगा। घरों की छतों पर भी पुलिस कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। बैरिगेटिंग के दौरान हर दस मीटर की दूरी पर एक पुलिस कर्मचारी तैनात रहेंगे। इसलिए जिन लोगों को अपने किसी कार्य से गोहाना रोड की तरफ जाना हो, वह सुबह आठ बजे से पहले ही निकल जाएं। इसके बाद उनको गोहाना रोड पार नहीं करने दिया जाएगा। आठ बजे के बाद कोई वाहन नहीं निकल पाएगा। यह लगभग आठ किलोमीटर तक की सड़क दोनों तरफ से ब्लाक कर दी जाएगी। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। सड़क किनारे दोनों तरफ बांस डाले जा रहे हैं। इनसे अब बैरिगेटिंग की जाएगी। वहीं 17 जुलाई को शहर के किसी भी होटल में बुकिंग नहीं ली जाएगी। इसमें आनलाइन बुकिंग भी बंद रहेगी।

## कीचड़ भरी गली में फंसा कैंटर, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

बीएसएनएल टावर के पास गली की बदहाल स्थिति एक बार फिर सामने आई, जब देर रात एक कैंटर चालक को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। गली में भरे गहरे कीचड़ के कारण कैंटर अनियंत्रित होकर पलटने की स्थिति में आ गया। हालांकि चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया और कैंटर पलटने से बाल-बाल बच गया।

बताया जा रहा है कि चालक जैसे ही गली से कैंटर निकालने लगा, उसी दौरान कीचड़ में पहिए धंस गए और वाहन एक तरफ झुक गया। इस दौरान चालक व परिचालक की जान पर बन आई, लेकिन दोनों सुरक्षित बच निकले। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। लोगों का कहना है कि इस गली की हालत लंबे समय से खराब है। बरसात के दिनों में यहां से निकलना बेहद मुश्किल हो जाता है। कई बार संबंधित विभाग को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द गली की मरम्मत करवाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## गाड़ी में अवैध शराब की तस्करी कर रहा आरोपी ठेकेदार 180 बोतल सहित पकड़ा

■ पूछताछ में चालक की पहचान प्रवीन निवासी गांव करौड़ा के रूप में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



थाना कलायत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते गाड़ी में अवैध शराब तस्करी कर रहे आरोपी शराब ठेकेदार को काबू किया है। आरोपी के कब्जे से 180 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। थाना कलायत एसएसओ पीएसआई अमन ने बताया की एएसआई कुलदीप सिंह की टीम किसान चौक कलायत क्षेत्र में गश्त एवं अपराध रोकथाम ड्यूटी पर मौजूद थी। इसी दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली कि गांव करौड़ा निवासी प्रवीन, जो कलायत क्षेत्र में शराब ठेकेदारी का कार्य करता है, अपनी कार में भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर आ रहा है। टीम द्वारा नाकाबंदी के दौरान कंट्रोल रूम से भी संदिग्ध सफेद रंग की कार के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। कुछ ही देर बाद संदिग्ध कार किसान चौक की ओर आती दिखाई दी। पुलिस द्वारा वाहन रोकने का इशारा करने पर चालक कार लेकर फरार हो गया। पुलिस टीम ने पीछा किया, जिसके बाद आरोपी ने गांव रामगढ़ पांडवा होते गांव चौशाला की गलियों में प्रवेश किया। आगे रास्ता बंद होने पर चालक कार छोड़कर भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते उसे मौके पर ही काबू कर लिया। पूछताछ में चालक की पहचान प्रवीन निवासी गांव करौड़ा के रूप में हुई। तलाशी के दौरान गाड़ी से ऑल सीजन ब्रांड की कुल 15 पेटियां अवैध शराब बरामद हुईं।

## अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों में दो लोगों की जान गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शिकायतों के आधार पर फरार वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गतौली निवासी कुलदीप खेत मे गया हुआ था। बीती देर शाम वह बाइक से घर लौट रहा था। रास्ते में जींद-रोहतक हाइवे पर तेज रफ्तार स्कोर्पियो गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें कुलदीप की मौत हो गई। परिजनों को घटना का उस समय पता चला जब कुलदीप (45) ने फोन रिसीव नही किया। परिजन ढूंढते हाइवे पर पहुंचे तो वहां स्कोर्पियो गाड़ी खडी मिली। जब गड्ढों में देखा तो कुलदीप औंधे मुंह गिरा था। जिस पर परिजनों द्वारा कुलदीप के शव का पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शव गृह में लाया गया। सोलू कालोनी निवासी कुलदीप उर्फ मोनू (31) कैथल रोड पर धर्मकांटा के नजदीक मजदूरी करता था। गत दिवस वह घर से अपने काम पर निकला था। बीती देर शाम जींद-कैथल मार्ग पर अज्ञात तेजरफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने कुलदीप को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



**कैथल।** नगर परिषद की बैठक में भाग लेती कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

### नगरपालिका सफाई कर्मचारियों का रोष प्रदर्शन

**कैथल।** नपा कर्मचारी संघ हरियाणा हरियाणा, अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन का राज्य स्तरीय जत्था राज्य वरिष्ठ उपप्रधान रमेश तृशामड के नेतृत्व मे नगर परिषद कैथल पहुंचा और नगर परिषद प्रागण मे एक बडी सभा की। इसके बाद कर्मचारियों ने नगर परिषद से मिनी सचिवालय तक जोरदार प्रदर्शन किया और मांगों का ज्ञापन एसडीएम डा. संजय कुमार को सौपा। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला प्रधान गौरव टांक ने किया तथा संचालन जिला सचिव विक्की टांक ने किया। नपा कर्मचारी संघ हयियाणा के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान रमेश तृशामड, राज्य उपप्रधान राजेश बागड़ी, उपप्रधान राजेन्द्र सिणंद, ऑडिटर सुखदेव सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा सफाई, सीवर व फायर के कर्मचारियों के साथ बार-बार वादा खिलाफी व भेदभाव की नीति अपनाई जा रही है। कहा कि नगर पालिका व फायर के कर्मचारियों ने जायज मांगों को लेकर हड़ताल की थी और उसके बाद 13 मई को हरियाणा भवन चंडीगढ मे विभागीय मंत्री विपुल गोयल व मुख्य मंत्री के प्रधान सचिव आर के खुल्लर की अगुवाई मे अन्य उच्च अधिकारियों ने संघ की राज्य कमेटी के साथ मांगों को जायज मानकर 20 जून तक परिपत्र जारी करने का ठोस आश्वासन दिया था।

### स्वास्थ्य विभाग ने इंटेंसिव सर्विलांस से स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण में लिया

## सजुमा में डायरिया-हेपेटाइटिस के मामलों पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला ने बताया कि कैथल के सजूमा गांव में डायरिया (दस्त) और अन्य मौसमी बीमारियों के मामलों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थिति पर पूरी तरह से नजर रखी जा रही है। विभाग की टीमें लगातार गांव में रहकर सैंपल ले रही हैं व लोगों को जागरूक कर ली है। सिविल सर्जन कैथल के सीधे दिशा-निर्देशों और कुशल पर्यवेक्षण के तहत विभाग द्वारा गांव में त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थिति को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की सुरक्षा और त्वरित इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सजुमा गांव में 24 घंटे स्वास्थ्य विभाग की टीमों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए गाँव में एम्बुलेंस (एम्बुलेंस) सेवा को भी चौबीसों घंटे तैनात रखा गया है ताकि किसी भी मरीज को तुरंत उच्च स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाया जा सके। मौके पर ही टेस्ट और मुफ्त इलाज की सुविधा: आम जनता की सुविधा के लिए सजुमा गाँव में ही कैंप लगाकर सभी प्रकार के जरूरी टेस्ट और इलाज की सुविधाएं बिल्कुल मुफ्त उपलब्ध कराई गई हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौके पर ही हेपेटाइटिस-ए व ई, स्क्रब टाइफस, लेप्टोस्पायरोसिस, टाइफाइड, लिवर फंक्शन टेस्ट जैसे बिलीरुबिन, एसजीओटी और एसजीपीटी के महत्वपूर्ण टेस्ट किए जा रहे हैं। सिविल सर्जन ने बताया कि जांच के दौरान अब तक सजुमा गाँव में हेपेटाइटिस-ए के 32 मामलों और टाइफाइड के 9 मामलों की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा इन सभी मरीजों की पहचान कर उनका उचित इलाज और मेडिकल प्रबंधन शुरू कर दिया गया है। अभी सभी मरीज पूरी तरह से स्थिर हैं और स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में हैं।



### स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए विभाग संकल्पबद्ध

जन स्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता कृष्ण कुमार गिल ने गांव का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। दो राजकीय विद्यालयों में जल की गुणवत्ता और जल संरक्षण को लेकर विभाग द्वारा विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। घर-घर सर्वे किया जा रहा है। पेयजल को चैक किया जा रहा है और पानी के सैंपल भी लिए गए। उन्होंने कहा कि पेयजल के असुरक्षित पेयजल कनैक्शन पाए गए हैं, उनको विभाग ठीक करने का कार्य करेगा। इसके लिए विभाग की तीन टीमें गठित की गई है, जो असुरक्षित पेयजल कनैक्शनों को ठीक करेगी। कार्यकारी अभियंता जगदीप ने कहा कि जन स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरी से गांव मुस्तैद है और लोगों को जागरूक किया जा रहा है। स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए विभाग संकल्पबद्ध है।

## खबर संक्षेप

### दो किशोरियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**कैथल।** थाना शहर क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों से दो किशोरियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। दोनों मामलों में परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में शहर की एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसकी 13 साल की बेटी 12 जुलाई की शाम करीब 6 बजे घर से लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगने पर पुलिस में शिकायत दी गई।

### चोरों ने हजारों के ट्रांसफार्मर चुराए

**कैथल।** जिले में दो अलग-अलग जगहों से चोर हजारों रुपये का ट्रांसफार्मर चुराकर ले गए। इससे बिजली निगम को करीब 1.45 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। पहले मामले में गुहला थाना में दी शिकायत में गुहला के एसडीओ राहुल यादव ने बताया कि गांव शादीपुर में उपभोक्ता कुलविंदर कौर के खेत से 16 केवीए कृषि ट्रांसफार्मर से 29-30 मई की रात चोर अंदरूनी सामान चोरी कर ले गए। जेई की जांच रिपोर्ट के अनुसार चोरी हुए सामान की कीमत 82 हजार 800 रुपए है।

### बिजली अदालत का आयोजन 20 जुलाई को

**कैथल।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम कैथल के अधीक्षक अभियंता भूपिंद्र सिंह ने बताया कि 20 जुलाई में उपभोक्ता शिकायत निवारण बिजली अदालत की बैठक का आयोजन किया जाएगा। यह बैठक सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक आयोजित होगी, जिसमें बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निपटारा किया जाएगा।

### सबमर्सिबल बोर के तार काट ले गए चोर

**राजौंद।** गांव संतोख माजरा में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए सबमर्सिबल बोर को अज्ञात चोरों ने निशाना बना लिया। चोर रात के समय बोर की बिजली की तार काटकर ले गए, जिसके कारण पूरे गांव की पानी की सप्लाई बाधित हो गई और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीण राकेश ने बताया कि सुबह जब तय समय पर पानी की सप्लाई नहीं आई तो लोगों को शक हुआ।

### साइबर ठगी के दो मामलों में दो गिरफ्तार

**कैथल।** थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा अलग अलग दो मामलो में दो आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पहले मामलेम एपीके फाइल भेजकर 7.30 लाख रुपये की ठगी करने के मामले की जांच थाना साइबर क्राइम एसएचओ पीएसआई रवि की अगुवाई में एएसआई नरेश कुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव खोड़ा जिला गाजियाबाद यूपी निवासी आयुष शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया।

### थार गाड़ी की चपेट में आने से तीन घायल

**कैथल।** गांव फरल के पास थार गाडी की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। विक्रम ने बताया कि 10 जुलाई की शाम वह अपने दोस्त आशीष और लाभ सिंह के साथ बाइक पर ढांड से मोबाइल फोन लेकर वापस गांव लौट रहा था। शाम करीब 7 बजे सेलर के पास सामने से आ रहे थार चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### श्रद्धालुओं ने पितृ तर्पण कर सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया

# अमावस्या पर पिंडतारक तीर्थ में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, हुआ पिंडदान

**आषाढ़ अमावस्या पर स्नान, दान, पितरों का तर्पण लाता है खुशहाली : नवीन शास्त्री**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** पिंडारा तीर्थ पर पिंडदान करवाते श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

अषाढ माह की अमावस्या पर मंगलवार को पांडू पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान किया तथा पिंडदान कर पितृ तर्पण किया और सुखद भविष्य की कामना की। ऐतिहासिक पिंडतारक तीर्थ पर सोमवार शाम से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। पूरी रात धर्मशालाओं में सत्संग तथा कीर्तन आदि का आयोजन चलता रहा। मंगलवार सुबह से ही श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान तथा पिंडदान शुरू कर दिया जो मध्यान्ह के बाद तक चलता रहा। इस मौके पर दूर दराज से आएं श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया तथा सूर्यदेव को जलार्पण करके सुख समृद्धि की कामना की। पिंडतारक तीर्थ के संबंध में किदवंती है कि महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की। बाद में सोमवती अमावस्या पर युद्ध में मारे गए परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। तभी से यह माना जाता है कि पांडू पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष मिल जाता है। महाभारत काल से ही पितृ विसर्जन की अमावस्या, विशेषकर सोमवती अमावस्या पर यहां पिंडदान करने का विशेष महत्व है।

**अमावस्या पर स्नान-दान का महत्व**

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि पितृ दोष से मुक्ति के लिए आषाढ़ अमावस्या को महत्वपूर्ण माना गया है। आषाढ़ माह की अमावस्या आषाढ़ी अमावस्या या हल हलहारिणी अमावस्या कहलाती है। इस तिथि को बेहद खास माना जाता है। कृष्ण पक्ष की चौदहवीं तिथि के बाद चंद्रमा, सूर्य मंडल में प्रवेश करता है और सूर्य अमा नाम की किरण में रहता है। इसलिए यह तिथि अमावस्या कहलाती है। आषाढ़ अमावस्या के दिन स्नान, दान, पितरों का तर्पण करने से जीवन में खुशहाली बनी रहती है। इसलिए इस दिन श्रद्धानुसार जरूरतमंद लोगों को दान करना बेहद शुभ माना गया है।

## टास्क पूरा कर कमाई का लालच देकर ठगे 3.63 लाख रुपये

**कैथल।** सीवन के एक युवक को टेलीग्राम पर टास्क पूरा कर कमाई का लालच देकर साइबर ठगों ने 3.63 लाख रुपए की साइबर ठगी कर ली। ठगों ने पहले जॉइनिंग बोनस और छोटे-छोटे टास्क का भुगतान कर विश्वास जीता, फिर निवेश के नाम पर लगातार राशि ट्रांसफर करवा ली। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस को दी शिकायत में सीवन निवासी संजय सैनी ने बताया कि 6 जुलाई को उसके व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया, जिसमें विभिन्न ब्रांड प्रमोट करने के बदले टास्क पूरा करने पर पैसे देने का दावा किया गया। लिंक खोलने और पहला टास्क पूरा करने पर उसे 200 रुपए बोनस और बाद में प्रति टास्क 50 रुपए मिलने लगे। इसके बाद उसे एक टास्क के नाम टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ दिया गया। शुरुआत में 1000 रुपए निवेश कराने के बाद 1300 रुपए वापस कर दिए गए, जिससे उसका भरोसा बढ़ गया। इसके बाद ठगों ने अलग-अलग निवेश कराने के नाम पर पहले 5000, फिर 21 हजार 800, 49,800, 96,800 और अन्य किस्तों में रकम जमा करवाई।

## बरसात में डेंगू और जलजनित बीमारियों से बचाव पर जोर



**सीवन।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रेनू चावला के निर्देशानुसार तथा उप सिविल सर्जन डॉ. बलविंदर गर्ग के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीवन में कार्यकारी अधिकारी डॉ. हरकीरत सिंह की अध्यक्षता में आशा वर्करों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बरसात के मौसम में डेंगू तथा दूषित पानी से फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डॉ. हरकीरत सिंह ने कहा कि आशा वर्कर अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों को डेंगू से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि घरों और आसपास कहीं भी पानी जमा न होने दें। कूलर, गमले, टायर और अन्य पात्रों की नियमित सफाई करें तथा सप्ताह में एक बार जमा पानी अवश्य बदलें, क्योंकि डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है। उन्होंने लोगों से केवल स्वच्छ एवं उबला हुआ पानी पीने, भोजन को ढककर रखने, खुले खाद्य पदार्थों से परहेज करने तथा व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में डायरिया, टाइफाइड, पीलिया और हैजा जैसी जलजनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है, इसलिए सतर्क रहना जरूरी है। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि किसी व्यक्ति को लगातार बुखार या डेंगू जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराई जाए। आशा वर्कर संदिग्ध मरीजों की पहचान कर उन्हें समय पर स्वास्थ्य संस्थान तक पहुंचाने में सहयोग करें।

## महिला उत्पीड़न मामलों में त्वरित कार्रवाई करें अधिकारी : डॉ. अनुकंप

- हरियाणा राज्य महिला आयोग की सदस्य ने महिला थाना व वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. अनुकंपा गर्ग का स्वागत करते बाल कल्याण समिति के सदस्य।

हरियाणा राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. अनुकंपा गर्ग ने मंगलवार को कैथल स्थित महिला थाना तथा वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला सुरक्षा, शिकायतों के निस्तारण और पीड़ित महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा प्रत्येक शिकायत पर त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

निरीक्षण के दौरान डॉ. गर्ग ने महिला थाना प्रभारी से लंबित एवं निस्तारित मामलों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि महिलाओं से संबंधित शिकायतों का समयबद्ध समाधान होना चाहिए ताकि पीड़िताओं को शीघ्र न्याय मिल सके। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने तथा पीड़ित महिलाओं को हर संभव सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके उपरांत डॉ. अनुकंपा गर्ग ने वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया।



**कैथल।** एडीसी डा. सुशील कुमार मेरा युवा भारत पोर्टल अभियान का शुभारंभ करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

## 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के अधिकतम युवाओं का माई भारत पोर्टल पर हो पंजीकरण: डॉ. सुशील कुमार

**कैथल।** लघु सचिवालय के सभागार में मेरा युवा भारत जिला सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन हुआ। इस बैठक की अध्यक्षता एडीसी डॉ. सुशील कुमार ने की। बैठक का उद्देश्य जिले में युवा कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन, युवाओं की अधिकतम सहभागिता तथा विभिन्न विभागों के समन्वय को सुदृढ़ बनाना है।

एडीसी डॉ. सुशील कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के अधिकतम युवाओं का माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक विभाग एवं शैक्षणिक संस्थान में विभागीय नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं। सभी शिक्षण संस्थानों में कैंपस ब्रांड एम्बेसडर नामित कर युवाओं की सहभागिता बढ़ाई जाए। एक्सपीरिएंशियल लर्निंग प्रोग्राम के अंतर्गत व्यवहारिक एवं अनुभव आधारित गतिविधियों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए। एडीसी ने कहा कि जिले में नशा मुक्त युवा-विकसित भारत अभियान को व्यापक स्तर पर प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए।



**उचाना।** उचाना कलां बाईपास पर चल रहा सीवरेज को ठीक करने का काम।

## विधायक अत्री की नजर पड़ी तो कुछ घंटों में शुरू हुई धंसे सीवरेज की मरम्मत

**उचाना।** लितानी रोड से उचाना कलां की ओर बाइपास होते हुए भौंगरा रोड जाने वाली सड़क पर धंसे सीवरेज के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को हो रही परेशानी अब दूर होगी। हलके के दौरे के दौरान विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की नजर सड़क पर बने गड्ढे पर पड़ी। उन्होंने मौके से ही जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ को फोन कर तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए। इसके कुछ घंटे बाद ही विभाग ने मौके पर पहुंचकर कार्य शुरू कर दिया। सीवरेज धंसने से गंदा पानी लगातार सड़क पर फैल रहा था। पानी भरने के कारण सड़क पर गहरे गड्ढे बन गए थे, जिससे हर समय हादसे की आशंका बनी रहती थी। यह मार्ग लितानी रोड, उचाना कलां और भौंगरा रोड को जोड़ता है, इसलिए यहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं। ग्रामीण राजू, बलवान, सत्यवान और सतबीर ने बताया कि समस्या को लेकर कई बार जन स्वास्थ्य विभाग में शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## रेलवे जंक्शन के वंदे भारत पार्क में बाहर से मंगवा कर लगाई जा रही घास

- उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से मंगवाए गए पौधे
- पूरा रेलवे जंक्शन आएगा हरा-भरा नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** घास लगाते हुए मजदूर। *फोटो :हरिभूमि*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई को जींद प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए रेलवे जंक्शन को पूरी तरह हरा-भरा बनाया जा रहा है। यहां पर लगभग एक एकड़ में बने वंदे भारत पार्क में बाहर से घास लाकर लगाई जा रही है। इसके अलावा 200 मीटर रास्ता जो जंक्शन की तरफ जाता है, उसके दोनों तरफ पौधे लगाए जा रहे हैं। रेलवे जंक्शन इस समय देश के सबसे साफ और हरे.भरे रेलवे स्टेशन से बेहतर नजर आ रहा है। यहां पर उत्तर प्रदेश से पौधे लाकर लगाए जा रहे हैं। रेलवे जंक्शन पर लगभग पांच साल पहले एक एकड़ के लगभग जमीन में वंदे भारत पार्क बनाया गया था।

### रेलवे जंक्शन तक 200 मीटर सड़क के दोनों तरफ लगाए पौधे

पटियाला चौक से रामा कृष्णा मंदिर तक सड़क के बीच में कोई डिवाइडर नहीं है। इसके बाद जंक्शन तक लगभग 200 मीटर सड़क मार्ग काफी चौड़ा हैए जिसके बीच में डिवाइडर बनाया गया है। यह 200 मीटर सड़क का टुकड़ा ही बताता है कि रेलवे जंक्शन का परिधि शुरू हो गई है। इस सड़क के बीच में व दोनों तरफ पौधे लगाए जा रहे हैं। यह पौधे उत्तरप्रदेश के सहारनपुर से मंगवाए गए हैं। इस सड़क मार्ग के शुरु आते ही रेलवे जंक्शन पूरी तरह से हरा भरा नजर आता है। यहां सड़क की चौड़ाई भी ज्यादा है।

### आमजन पुराने वस्त्रों का करें दान, पर्यावरण संरक्षण में दें योगदान

# डीसी ने वस्त्र दान अभियान का किया शुभारंभ

**जिले में छह स्थानों पर लगाए गए विशेष वस्त्र दान बॉक्स**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** डीसी अपराजिता तथा नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग वस्त्र दान अभियान का शुभारंभ करते हुए।

डीसी अपराजिता ने जिले में स्टंबल लैब, प्यारी बेटी मुहिम के साथ-साथ वस्त्र दान अभियान का मंगलवार सुबह लघु सचिवालय से शुभारंभ किया। जहां लोगों के घरों में बिना उपयोग के रखे हुए कपड़ों, कटे-फटे कपड़ों को एकत्रित करने के लिए रखे गए बॉक्स में कपड़े दान कर डीसी ने यह अभियान शुरू किया। अभियान के तहत जिले में छह स्थानों पर ऐसे विशेष बॉक्स रखे गए हैं। जिनमें लोग अपने ऐसे कपड़े दान कर सकते हैं, जिन्हें वे उपयोग नहीं कर रहे या फिर ऐसे कपड़े, जो घरों में कटे-फटे पड़े हुए हैं। डीसी ने अभियान की शुरुआत करते हुए लोगों से अपील की है कि लोग ऐसे कपड़े निर्धारित स्थानों पर रखे बॉक्स में दान करें। नगर परिषद अध्यक्ष सुरभि गर्ग की अगुवाई में कई पार्षदों ने भी इस अभियान के तहत कपड़े दान कर इसमें योगदान दिया। डीसी ने शुभारंभ अवसर पर कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। इसी उद्देश्य से जिला प्रशासन ने कैथल में वस्त्र दान अभियान की शुरुआत की है, ताकि उपयोग योग्य पुराने कपड़े जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाए जा सकें तथा अनुपयोगी वस्त्रों का री-साइक्लिंग कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सके। डीसी ने कहा कि समाज और पर्यावरण के प्रति हमारी छोटी-छोटी पहल भी बड़े बदलाव का माध्यम बन सकती है।

**लोगों से सहयोगी की अपील**

उपायुक्त अपराजिता ने बताया कि पुराने वस्त्र एकत्रित करने के लिए शहर में छह स्थान निर्धारित किए गए हैं। इनमें लघु सचिवालय स्थित सरल केंद्र, नगर आयुक्त कार्यालय, नगर परिषद भवन, आईटीआई परिसर, ग्यारह रुद्री मंदिर तथा माता गेट शामिल हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इन स्थानों पर पहुंचकर अपने पुराने वस्त्र दान करें और इस जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान को सफल बनाने में सहयोग दें।

## न्यूज डायरी

### ई-भूमि पोर्टल से स्वैच्छिक भूमि खरीद योजना का लें लाभ

**कैथल।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के संपदा अधिकारी वकील अहमद ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में नियोजित एवं सुव्यवस्थित शहरी विकास को गति देने के उद्देश्य से ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से भूमि स्वामियों से स्वैच्छिक आधार पर भूमि खरीद की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत भूमि खरीद की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन, पारदर्शी एवं निष्पक्ष होगी, जिससे किसानों एवं भूमि स्वामियों को उनकी भूमि का उचित मूल्य प्राप्त होगा तथा बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि कैथल में इस योजना के अंतर्गत पट्टी चौधरी, पट्टी अफगान, पट्टी कायस्थ सेठ, पट्टी गाढ़ड, जगदीशपुरा, शेरगढ़ एवं इ्योड खेड़ी राजस्व गांव/पट्टियां शामिल की गई हैं। इन क्षेत्रों के इच्छुक भूमि स्वामी अपनी भूमि विक्रय हेतु स्वैच्छिक प्रस्ताव ई-भूमि पोर्टल पर ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### प्रधानमंत्री कार्यक्रम सफल बनाने के निर्देश जारी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि 17 जुलाई को जींद में प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कैथल में यह कार्यक्रम अंबाला रोड स्थित हिंदू कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के हाल में आयोजित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटियां लगाई गई है, वहीं एडीसी डॉ. सुशील कुमार को नोडल अधिकारी बनाया गया। डीसी अपराजिता मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को बैठक के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे।

### जनसमस्याओं से मुंह मोड़कर सरकार प्रचार में व्यस्त

**पूंडरी।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंडित कंवरपाल करोड़ा ने कहा कि प्रदेश की जनता आज महंगाई, बेरोजगारी, बिगड़ती स्वास्थ्य सेवाओं, बिजली संकट और कानून व्यवस्था जैसी अनेक समस्याओं से जूझ रही है, लेकिन सरकार इन मुद्दों का समाधान करने के बजाय केवल प्रचार-प्रसार में व्यस्त दिखाई दे रही है। आम नागरिक रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहा है, जबकि सरकार जमीनी हकीकत से पूरी तरह दूर नजर आती है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम परिवार का मासिक बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। रसोई गैस, खाद्य पदार्थ, दवाइयों और दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग पर सबसे अधिक आर्थिक बोझ पड़ रहा है। सरकार को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए, लेकिन ऐसा कहीं दिखाई नहीं दे रहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश का युवा रोजगार की तलाश में दर-दर भटकने को मजबूर है।

### जीवन में स्पष्ट लक्ष्य ही सफलता की पहचान

**पूंडरी।** क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी एवं एडवोकेट कंवरदीप वालिया ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में स्पष्ट लक्ष्य, मजबूत इच्छाशक्ति और समाज के प्रति सेवा भाव का होना अत्यंत आवश्यक है। बिना लक्ष्य के जीवन दिशा विहीन हो जाता है, जबकि स्पष्ट उद्देश्य और निरंतर मेहनत व्यक्ति को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि आज के युवा देश का भविष्य हैं और उनके सही मार्गदर्शन से ही विकसित भारत का सपना साकार हो सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं के सामने अनेक चुनौतियां हैं, लेकिन जो युवा अपने लक्ष्य पर अडिग रहते हैं, अनुशासन का पालन करते हैं और कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य नहीं खोते, वही जीवन में बड़ी उपलब्धियां हासिल करते हैं।

### पौधरोपण के लिए अब तक 900 पौधे किए वितरित

**पूंडरी।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से समाजसेवी कंवरजीत वालिया द्वारा पौधरोपण एवं पौधा वितरण अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को तुलसी सहित विभिन्न प्रजातियों के लगभग 300 पौधों का वितरण किया गया। इसके साथ ही इस वर्ष अब तक करीब 900 पौधे लोगों तक पहुंचाए जा चुके हैं। कंवरजीत वालिया ने बताया कि इस वर्ष 1008 तुलसी के पौधे वितरित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे रक्षाबंधन तक पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तुलसी का पौधा धार्मिक, औषधीय और पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक घर में तुलसी का पौधा लगाने से न केवल वातावरण शुद्ध होता है, बल्कि लोगों में प्रकृति के प्रति अपनापन भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को तुलसी अथवा अन्य पौधों की आवश्यकता है, वे उनसे संपर्क कर सकते हैं।

### स्वयं सेवकों ने राजकीय आईटीआई में रोपे पौधे

**कैथल।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई राजकीय आईटीआई कैथल द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत संस्थान में पौधारोपण किया गया। इस दौरान संस्थान में नीम, पीपल, बरगद, अमरूद, बकैन, जामुन, शीशम आदि के 50 पौधे रोपे गए। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी शमशेर मलिक ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों द्वारा प्रत्येक छात्र को अपनी यूनिट के कार्यकाल के दौरान कम से कम एक पौधा लगाकर उस पौधे की सेल्फी माय भारत पोर्टल पर अपलोड करनी होती है। कार्यक्रम के तहत पिछले वर्ष भी पौधे लगाए गए थे जिन छात्रों द्वारा पिछले वर्ष पौधे नहीं लगाए गए थे उन छात्रों द्वारा गत वर्ष नए पौधे लगाकर सेल्फी ली गई। छात्रों ने दो वर्ष तक अपने-अपने पौधे की देखभाल का संकल्प लिया और इस सेल्फी को पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा तभी राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों को फाइनल प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

### महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण केंद्र शुरू

**पूंडरी।** महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक किरण उम्मीद की संस्था की ओर से गांव ट्योंठा में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं और युवतियों को सिलाई-कढ़ाई का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे कौशल विकसित कर स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। संस्था की अध्यक्ष निधि मोहन ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं का आर्थिक रूप से सशक्त होना अत्यंत आवश्यक है। सिलाई प्रशिक्षण केंद्र महिलाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान करेगा और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं आत्मनिर्भर बनती हैं तो परिवार के साथ-साथ समाज का भी समग्र विकास होता है।

### कीचड़ से परेशान वार्ड 13 के लोग, खुद बनाया रास्ता

**राजौंद।** शहर के बीएसएनएल टावर के पास स्थित वार्ड नंबर 13 की गली में लंबे समय से भरे कीचड़ ने स्थानीय निवासियों की परेशानी बढ़ा दी है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि लोगों को अपने घर और दुकानों के बाहर खड़े होने तक की जगह नहीं मिल रही। प्रशासन की ओर से कोई समाधान न होने पर आखिरकार नागरिकों को खुद ही समस्या का हल निकालना पड़ा। वार्ड निवासी रामकुमार राणा ने बताया कि गली में हर समय कीचड़ जमा रहता है, जिससे आने-जाने में भारी दिक्कत होती है। कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। मजबूर होकर उन्होंने अपने खर्च पर ईंटों की ट्राली मंगवाई और गली में डालकर अपने घर के सामने खड़े होने और आने-जाने का रास्ता बनाया।

### राजौंद में 'स्वच्छता ही स्वागत' अभियान तेज

**राजौंद।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार नगर पालिका राजौंद द्वारा 13 जुलाई से 19 जुलाई 2026 तक चलाए जा रहे "स्वच्छता ही स्वागत" अभियान के तहत मंगलवार को वार्ड नंबर 1 और वार्ड नंबर 2 में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान सफाई कर्मचारियों ने गलियों,नालियों और सार्वजनिक स्थानों की व्यापक सफाई की,जिससे क्षेत्र में स्वच्छता का माहौल बना। अभियान के दौरान नगरपालिका सचिव नरेंद्र शर्मा के नेतृत्व में स्टाफ के सदस्यों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को "स्वच्छता ही सेवा" की शपथ दिलाई गई और उन्हें अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन का सपना तभी साकार हो सकता है, जब हर नागरिक इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे।

### राजौंद में सुरक्षा व विकास को लेकर ज्ञापन

**राजौंद।** नगर की सुरक्षा व्यवस्था और विकास कार्यों को लेकर इनेलो ओबीसी मोर्चा के जिला प्रधान एवं समाजसेवी सोनू वर्मा ने अपनी टीम के साथ नगर पालिका सचिव नरेंद्र शर्मा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने राजौंद के मुख्य बाजार व सड़क मार्ग को दुरुस्त करवाने तथा शहर के प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग उठाई। सोनू वर्मा ने कहा कि मुख्य बाजार की हालत खराब होने के कारण आमजन और व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं,शहर के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगने से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगेगा। इस अवसर पर नगर की विभिन्न गलियों के लंबित निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करवाने को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।